**विरोध** नगर निगम कार्यालय में घुसकर कर्मचारी से मारपीट का मामला, अधिकारी-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# शहर में चकाजाम, सुबह तक का अल्टीमेटम

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने अतिक्रमण दल के एक कर्मचारी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने लगभग दो घंटे तक काम बंद रखा और सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। नगर निगम कर्मचारी संघ ने प्रशासन को शुक्रवार सुबह 10 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो नगर निगम कार्यालय का मुख्य द्वार नहीं खोला जाएगा और आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी उठाई। मामले को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। आपको बतादें कि नगर निगम के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट और अभद्रता का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कार्यालय में घुसकर की गई मारपीट से नाराज नगर निगम के सभी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मी लगातार विरोध कर रहे हैं, इससे पहले 15 जून को नगर निगम के कर्मचारियों ने कोतवाली थाने का घेराव किया था। घेराव के दौरान कर्मचारी संघ ने एसपी के नाम डीएसपी रत्नेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी मांग की गई थी। कर्मचारियों ने बताया था कि 12 जून की रात लगभग साढ़े 8 बजे कुछ अराजक तत्वों ने ड्यूटी पर तैनात नगर निगम कर्मियों के साथ कार्यालय में घुसकर न सिर्फ गाली-गलौज और अभद्रता की और बेरहमी से मारपीट भी की। इस हमले के बाद से ही नगर निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारी संघ ने पुलिस प्रशासन चेतावनी दी थी कि आरोपियों की 24 घंटे अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो शहर में में सफाई, पानी जैसी तमाम जरूरी सेवाएं पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी।

विरोध प्रदर्शन के दो दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर गुरूवार को एक बार फिर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा गया है कि शुक्रवार सुबह तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मामले में पुलिस टीम लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है, पुलिस आरोपियों गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।





# नियमों का उल्लंघन करने पर मैरिज गार्डन सील

**नगर निगम की टीम ने मैरिज गार्डन में की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा शहर में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मैरिज गार्डन को सील कर दिया है। बिना वैधानिक अनुमति और मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन के प्रावधानों की अनदेखी कर संचालित हो रहे तीन बारात घरों को निगम की संयुक्त टीम ने सील कर उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगर निगम ने कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह और अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह के नेतृत्व में चली कार्रवाई में वार्ड क्रमांक 39 बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित सिंधु सदन, वार्ड क्रमांक 41 आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित सिंधु भवन और वार्ड क्रमांक 42 संत कंवरराम वार्ड स्थित बाबा नारायण शाह मैरिज गार्डन को सील किया गया। जांच में स्पष्ट अनियमितताएं पाई गईं - तीनों मैरिज गार्डन मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन कर संचालित हो रहे थे। जो किसी भी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता था। नोडल अधिकारी कॉलोनी सेल अंशुमान सिंह ने स्पष्ट किया कि तीनों संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमानुसार पंजीयन और अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। लेकिन पर्याप्त समय बीतने के बाद भी संबंधितों द्वारा बारात घरों का नियमानुसार पंजीयन नहीं कराया गया। नगर निगम ने शहर के अन्य मैरिज गार्डन और विवाह स्थलों के संचालकों से एमपी नगर पालिका विवाह स्थल उपविधि के तहत अनिवार्य पंजीयन है।

## एक नजर में

### 30 हजार से अधिक ई-केवाईसी का कार्य पूरा

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य लगातार किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 30 हजार 314 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूरी कर ली गई। जिले में समग्र ई-केवाईसी के कार्य में नगर परिषद कैमोर अग्रणी है, जहां अब तक 14 हजार 256 नागरिकों की ई-केवाईसी पूरी की गई है। वहीं जनपद पंचायत बड़वारा अपेक्षाकृत अंतिम पायदान पर है, जहाँ 1 लाख 95 हजार 836 नागरिकों का सत्यापन कार्य पूरा किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद बरही में 13 हजार 298, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 8 हजार 167, नगर निगम कटनी में 1 लाख 70 हजार 652 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 98 हजार 187, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 44 हजार 93, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 78 हजार 572, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 81 हजार 459 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 25 हजार 849 नागरिकों का सत्यापन कार्य किया गया है। जिले के नागरिकों से समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी प्रक्रिया कराने के लिए कहा गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

**बड़वारा थाना क्षेत्र के गुड़ा मोड़ के पास हुआ हादसा**



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 43 पर गुड़ा मोड़ के पास बुधवार शाम एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा अज्ञात तेज रफ्तार वाहन के टक्कर मारने से हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उमरिया जिले के चंदिया निवासी 58 वर्षीय परमेश्वर दत्त चतुर्वेदी के रूप में की गई है। पुलिस ने उनके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। बड़वारा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक का सुराग लगाने के लिए हाईवे और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं निर्माण कार्य

**महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन**



**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार और वार्ड के समग्र विकास के उद्देश्य से नेहरू वार्ड में लगभग 45.68 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम वार्ड की कन्या के करकमलों से विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विकास कार्यों का स्वागत किया। भूमिपूजन के अंतर्गत नेहरू वार्ड की माया चौधरी गली में विजय पाण्डेय के घर से माया चौधरी के घर तक और गुप्ता चाय वाले के घर तक 12.66 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं इन्द्रा ज्योति कॉलोनी में 13.95 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण और नाला मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार वार्ड में सार्वजनिक उपयोग के लिए रिक्त स्थान पर 2.52 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण, रोड निर्माण कार्य, वंशकार बस्ती में 16.55 लाख रुपए की लागत से सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर आवागमन, स्वच्छ वातावरण का लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और अन्य आधारभूत सुविधाओं का मजबूत होना किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। महापौर ने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए कहा है।

# मोटरसाईकिल से शराब तस्करी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, 250 पाव शराब जब्त**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल से शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 250 पाव अवैध शराब और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान लगातार जांच कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दो को रोका गया। युवकों की तलाशी के दौरान 250 पाव शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपी पन्ना जिले के सिमरिया गांव निवासी ऋतुराज सिंह और सतना जिले के धारी मजगामा निवासी निखिल सिंह है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक कमोद, आरक्षक देवेंद्र की भूमिका रही। थाना प्रभारी महिला रघुवंशी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन, निर्माण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांजे के पौधे लगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**घर के पास खाली जमीन पर लगा दिए गांजे के पौधे**



**नवभारत,कटनी।** कोतवाली पुलिस ने रिहायशी इलाके में गांजे के पौधे लगाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया हैपुलि ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रचनानगर कॉलोनी में छापेमारी कर पुलिस ने घर के पास से गांजे के हरे पौधे जब्त किए और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड चौकी को रचनानगर कॉलोनी की गली नंबर 2 में एक युवक द्वारा अपने घर के पास खाली जमीन पर गांजे के पौधे उगाने की पुख्ता सूचना मिली थी। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। पुलिस टीम ने जब संदिग्ध स्थल पर घेराबंदी कर जांच की, तो आरोपी के घर के बगल वाली जमीन पर गांजे के हरे पौधे लहलहाते हुए पाए गए। पुलिस ने सभी पौधों को जड़ से उखाड़कर जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में रचना नगर निवासी 23 वर्षीय अक्षत कुमार पिता आनंद कुमार जार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# योग से बेहतर होता है स्वास्थ्य, बढ़ता है आत्मविश्वास

**जिला जेल में महिला कैदियों के लिए योग शिविर का शुभारंभ**



**नवभारत, कटनी।** विश्व योग दिवस के अवसर पर साध्वी जन कल्याण समिति द्वारा जिला जेल में पहली बार महिला बंदियों के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल की जिला जेल प्रशासन ने सराहना करते हुए इसे महिला बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया है। शिविर का आयोजन 21 जून तक किया जा रहा है, जिसमें महिला बंदियों को योग, प्राणायाम और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी जा रही हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी, जेल प्रहरी अरविंद कुमार, शिक्षिका दीप्ती श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। साध्वी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम ने बताया कि महिला बंदियों के बीच स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए योग शिविर का आयोजन किया गया है।

# संवेदनशील क्षेत्रों को करें चिन्हित, नदी-नालों का जलस्तर बढते ही करें आपदा प्रबंधन

**बाढ़ आपदा से निपटने के लिए दिया गया प्रशिक्षण**




**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद विकासखंड के कई गांवों को संवेदनशील चिह्नित किया गया है, जहां नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। इन क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। आपदा से निपटने के लिए एसडीईआरएफ की रेस्क्यू टीम को 24 घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमों को विपरीत परिस्थितियों से तेजी से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस बार स्थानीय स्तर पर राहत कार्यों को गति देने के लिए एसडीआरएफ ने सिविल डिफेंस की टीम को भी प्रशिक्षित किया है, ताकि मुख्य टीम के पहुंचने से पहले स्थानीय बचाव कार्य शुरू हो सकें। शहरी क्षेत्रों में जलभराव की पुरानी समस्या को देखते हुए भी कड़े कदम उठाए गए हैं। नगर निगम ने शहर के सभी प्रमुख नालों और जल निकासी मार्गों की सघन सफाई और गहरीकरण का कार्य मानसून से पहले ही पूरा कर लिया है। प्रशासन का दावा है कि इस वर्ष शहरी इलाकों में पानी भरने की समस्या से आम जनता को राहत मिलेगी।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर आशीष तिवारी ने एनवीडीए के अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान बांधों और जलाशयों के जलस्तर की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। पानी छोड़े जाने की स्थिति में निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को समय रहते सूचना दी जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।


जिला प्रशासन के अनुसार आपदा प्रबंधन की यह तैयारियां ग्रामीण और शहरी, दोनों ही स्तरों पर समान रूप से लागू की गई हैं।

राहत शिविरो के लिए स्थानों का चयन, आवश्यक दवाइयों का स्टॉक और खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दिया गया है।

**निर्देश** बैठक में की गई सरकारी विभागीय कार्यों की समीक्षा, लापरवाह अधिकारियों को दी चेतावनी, कारण बताओ नोटिस जारी

# दस दिन के अंदर जिले के 82 जर्जर सरकारी स्कूल भवनों की कराएं मरम्मत



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को 82 जर्जर शाला भवनों के मेजर मरम्मत कार्य को आगामी 10 दिन के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे इन कार्यों की नियमित निगरानी करें, स्थल निरीक्षण करें। ताकि जिले में मानसून आने के पहले ही चिन्हित स्कूल भवनों का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य पूरा हो। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियो को दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के आवेदनों के प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया कि विकासखंड रीठी में समय बाह्य आवेदनों की संख्या तुलनात्मक रूप से ज्यादा है। इसलिए उनके ऊपर दंड अधिरोपित करने की चेतावनी देते हुए बड़वारा जनपद सीईओ को भी समय बाह्य प्रकरणों के निराकरण की हिदायत दी। कलेक्टर ने समय बाह्य के जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन मामलों पर वांछित प्रगति नहीं होने और समय बाह्य मामलों के लिए नगर निगम के जन्म-मृत्यु शाखा के प्रभारी अधिकारी सागर नायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों विशेषकर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों सहित नगरीय निकायों के अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल में शत-प्रतिशत दर्ज कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि 50 और 100 दिवसों से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराएं। कलेक्टर ने महिला और बाल विकास की अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता से कराया जाना तय करें। साथ ही उन्होंने 82 शासकीय स्कूलों की मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे 22 जून तक अपने स्टाफ, नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों से समान नागरिक संहिता के लिए तय वेबसाइट पर जाकर फीडबैक करने के लिए कहें। कलेक्टर ने कटनी वासियों से भी समान नागरिक संहिता पर वेबसाइट में सुझाव दर्ज कराने का के लिए कहा है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, नामांतरण, फार्मर आईडी बकेटिंग के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सीमांकन के लंबित मामलों का निराकरण कराएं।

# संभावित खतरे के मद्देनजर पेड़ों की डाल की ट्रिमिंग

**नगर निगम द्वारा बारिश से पहले कराया जा रहा कार्य**



**नवभारत, कटनी।** मानसून के आगमन और आंधी-तूफान की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शहर की विद्युत लाइनों के किनारे स्थित वृक्षों की खतरनाक शाखाओं की ट्रिमिंग का सघन अभियान प्रारंभ कर दिया है। निगम प्रशासन का मानना है कि समय से पूर्व की गई यह कटाई न सिर्फ जनहानि और संपत्ति क्षति को रोकेगी, बल्कि बरसात के दौरान होने वाली अनावश्यक बिजली कटौती पर भी अंकुश लगाएगी। नगर निगम के उद्यान विभाग और विद्युत शाखा के कर्मचारियों के संयुक्त दल द्वारा शहर के संवेदनशील स्थलों का चिन्हांकन कर कार्य किया जा रहा है। उन वृक्षों की शाखाओं को विशेष रूप से चिन्हित कर काटा जा रहा है जो लाइनों से सटी हैं, झुकी हुई हैं, या सूखी-क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं। आंधी के समय इन शाखाओं के टूटकर तारों पर गिरने से शॉर्ट सर्किट, तार टूटने, पोल क्षतिग्रस्त होने की आशंका रहती है, जिससे आगजनी और विद्युत दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है, ताकि वर्षा प्रारंभ होने से पहले जोखिम वाले सभी पॉइंट कवर हो जाएं।